SUNDAY | 23.02.2020

उत्तर प्र

अमर उजाला

महानगर वर्ष 52 | अंक 37 | पृष्ठ : 20+4+4=28 | मूल्य : छह रुपये

बरेली

• 6 राज्य • 2 केंद्रशासित प्रदेश • 21 संस्करण

PAGE NO. 08 : RIGHT BOTTOM

सर्वश्रेष्ठ कर्मयोगियों को एक्सीलेंस अवॉर्ड

अमर उजाला ब्यूरो

बरेली। रुहेलखंड मैनेजमेंट एसोसिएशन (आरएमए) के 14वें राष्ट्रीय मैनेजमेंट दिवस के मौके पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले संस्थानों को आरएमए एक्सीलेंस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्रीय श्रम एवं रोजगार राज्यमंत्री संतोष गंगवार और मेयर उमेश गौतम ने दीप जलाकर किया।

पुरस्कार सम्मान समारोह में टेलीकम्युनिकेशन के क्षेत्र में गौरव चौहान, इफ्को के वरिष्ठ महाप्रबंधक आईसी झा, आईडब्ल्यूपी के केके दामानी, चिकित्सा के क्षेत्र में देवमूर्ति को आरएमए एक्सीलेंस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। समारोह में संस्था के अध्यक्ष डॉ. मनीष शर्मा ने उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए आरएमए और आईआईएम काशीपुर के साथ हुए अनुबंध के बारे में बताया। अवार्ड पाने वाले सभी हस्तियों ने अपने-अपने क्षेत्र के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में आए अतिथियों को डॉ. मनीष शर्मा ने स्मृति चिन्ह् देकर सम्मानित किया। इस मौके पर कदीर अहमद, डॉ. नीरज सक्सेना, डॉ. एके राय, मनोहर धीरवानी, मुकेश गुप्ता, एनएल शर्मा, आशुतोष शर्मा, आकाश अरोरा, दिनेश गोयल आदि मौजूद रहे।